कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड

विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल, सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून–248001

फोन न0 (0135) – 2713760, 2713551

email id- election09@gmail.com

फैक्स न0 (0135) – 2713724

संख्याः 1532/XXV–10–P3/2023 देहरादूनः दिनांक 29 अगस्त, 2023

सेवा में

श्री पवन दीवान
सचिव,
भारत निर्वाचन आयोग
निर्वाचन सदन अशोक रोड़
नई दिल्ली।

विषयः– Election related Press Coveraga Feedback-reg

महोदय,

उपरोक्त विषयक भारत निर्वाचन आयोग के पत्र संख्या–100/ECI/UKD-LA/2/NS-II दिनांक 09 अगस्त, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा समाचार पत्रों में प्रकाशित निर्वाचन संबंधी समाचारों की Clippings दैनिक आधार पर निर्धारित ईमेल के माध्यम से आयोग की सेवा में प्रेषित करने के मुझे निदेश प्राप्त हुए है।

अतः उक्त संबंध में दैनिक सूचना अध्यावधिक करते हुए दिनांक 29 अगस्त 2023,को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित निर्वाचन संबंधी समाचारों की Clippings संलग्न कर निवेदन सहित प्रेषित किया जा रहा है कृपया प्राप्ति स्वीकार करने का कष्ट करें।

संलग्न–यथोपरि।

भवदीय,

(मस्तू दास)
सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी
उत्तराखण्ड।

बागेश्वर चुनाव से संबंधित समाचार

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण

दिनांक 29 AUG 2023

भाजपा से नाराज कांग्रेस के पूर्व विधायक माजिला की घर वापसी

बागेश्वर : उपचुनाव में बड़े दलों में आने-जाने का सिलसिला अभी थमा नहीं है। कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में शामिल हुए पूर्व विधायक उमेद सिंह माजिला की सोमवार को फिर कांग्रेस में वापसी हो गई है। सोमवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में नगर में जनसंपर्क रैली निकाली गई। बागनाथ मंदिर में पूजा की गई। वहां से नुमाइशखेत, दुग बाजार, कांडा मार्ग होते हुए मंडलसेरा स्थित पीपल चौक पर पहुंचे। यहां चुनावी सभा में माहरा ने कहा कि बागेश्वर उपचुनाव को कांग्रेस चुनौती के रूप में ले रही है। दिन-प्रतिदिन लोग कांग्रेस से जुड़ रहे हैं। सात वर्ष पहले कांग्रेस से नाराज़ होकर गए पूर्व विधायक उमेद सिंह माजिला ने अपने समर्थकों के साथ घर वापसी की है। उनके आने से कांग्रेस नगर में पहले से और अधिक मजबूत हुई है। अन्य कई और साथी जो पिछले विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने से नाराज हो गए थे। वह भी शीघ्र पार्टी में वापस आ जाएंगे। (जासं)

हिन्दुस्तान

छह साल बाद पूर्व विधायक उमेद सिंह की घर वापसी

बागेश्वर उपचुनाव

बागेश्वर, संवाददाता। बागेश्वर विधानसभा उपचुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है चुनावी सरगर्मियां बढ़ती जा रही है। सात साल पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गए उमेद सिंह माजिला ने सोमवार को घर वापसी की है। कांग्रेस प्रदेश संगठन ने उनका पार्टी में वापसी पर ज़ोरदार स्वागत किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता सोमवार को कोतवाली स्थित गांधी मूर्ति के पास से जुलूस की शक्ल में बागनाथ मंदिर पहुंचे। माहरा ने कहा कि सात साल पहले कांग्रेस से नाराज होकर गए पूर्व विधायक उमेद सिंह माजिला ने अपने समर्थकों के साथ घर वापसी की है।

सपा प्रत्याशी ने जारी किया घोषणा पत्र: सपा प्रत्याशी भगवती प्रसाद त्रिकोटी ने 12 सूत्रीय मांग एवं क्रियान्वयन घोषणा पत्र जारी किया है। कहा कि पर्वतीय जिलों में रोजगार के नए आयाम पैदा किए जाएंगे।

नौजवान पलायन करने को मजबूर:प्रतिमा

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस की पूर्व प्रवक्ता डॉ.प्रतिमा सिंह ने राज्य सरकार पर अतिक्रमण हटाने के नाम पर स्वरोजगार कर रहे लोगों को उजाड़ने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इससे बेरोजगार, पहाड़ों से पलायन को मजबूर हो रहे हैं। जनता भाजपा को बागेश्वर उपचुनाव में इसका जवाब देगी।

उत्तराखण्ड सरकार
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग
निरीक्षा शाखा
समाचार पत्र का नाम द पायनियर
दिनांक 29 AUG 2023

Bageshwar police act against 300-plus people ahead of by-election

PNS ■ DEHRADUN

The Bageshwar police have penalised 278 people and taken legal action against 24 people under various Acts in the past one week as part of the intensive checking drive launched after the Model Code of Conduct (MCC) came into force in the district.

The voting for the Bageshwar Assembly by-election is scheduled to be held on September 5 and the police teams are taking preventive measures to maintain peace, law and order as per the guidelines, said the Bageshwar superintendent of police Akshay Konde. He said that the police also took preventive action against 18 people in nine different cases under section 107/116 of the Criminal Procedure Code (CrPC). A person was also booked under section 110 (G) of CrPC.

The police also took action against four accused in four separate cases under the Goonda Act. One person was also booked under the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances (NDPS) Act for smuggling Charas. Besides this, 116 people were also penalised under the Cigarettes and Other Tobacco Products Act (COTPA). He said that in the past one week, police imposed 121 challans under the Motor Vehicle Act including 28 court challans.

The police also seized four vehicles under the MV Act. The police also imposed 41 challans under the Police Act and 50 licensed arms were also deposited in police stations. The SP said that all police station in-charges have been directed to stay vigilant and take action against any activity that can disturb law and order in the district ahead of the by-election.